समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# ट्रंप की चेतावनी : BRICS देशों पर लगेगा एक्स्ट्रा टैरिफ, क्या भारत भी होगा निशाने पर ?

Publisher Published on 07 Jul 2025



## BRICS शिखर सम्मेलन मे ईरान पर हमलों की निंदा के बाद अमेरिका ने दी चेतावनी, ट्रंप बोले- विरोध करने वाले देशों पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा।

**BRICKS:** अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** ने **BRICS** देशों को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि जो देश **अमेरिका विरोधी नीतियों** का समर्थन करेंगे, उन पर अतिरिक्त **10 प्रतिशत टैरिफ** लगाया जाएगा। ट्रंप का यह बयान ब्राजील में आयोजित **BRICS 2025 शिखर सम्मेलन** के दौरान आया, जहां सदस्य देशों ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों की खुलकर निंदा की।

**क्या भारत पर भी बढ़ेगा टैरिफ ?**

भारत **BRICS** का महत्वपूर्ण सदस्य है और उसने सम्मेलन में आतंकवाद के खिलाफ मजबूत रुख दिखाया। हालांकि, भारत ने अमेरिका या इजरायल का नाम लिए बिना ईरान पर हमलों की निंदा के साथ-साथ वैश्विक दक्षिण में दोहरे मानदंडों की आलोचना की। ट्रंप के बयान के बाद यह आशंका बनी हुई है कि भारत सहित अन्य BRICS देशों पर अमेरिका अतिरिक्त टैरिफ लागू कर सकता है।

**ब्रिक्स देशों की संयुक्त घोषणा मे क्या कहा गया ?**

ब्रिक्स के 10 सदस्य देशों – **ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और यूएई** –

ने ईरान के खिलाफ हमलों को "**अवैध**" करार दिया और इसकी कड़ी निंदा की।

इसके अलावा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मानदंडों की आलोचना की और कहा कि किसी भी देश को आतंकवाद के खिलाफ नरम रुख नहीं अपनाना चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले का जिक्र भी हुआ

ब्रिक्स देशों की संयुक्त घोषणा में हाल ही में हुए **जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले** का भी जिक्र किया गया। **BRICS** नेताओं ने आतंकवाद की सीमा पार आवाजाही, **वित्तपोषण** और **सुरक्षित पनाहगाहों** के खिलाफ मिलकर लड़ने का आह्वान किया। बयान में कहा गया कि आतंकवाद के प्रति "**शून्य सहिष्णुता**" अपनाई जानी चाहिए और किसी भी तरह के दोहरे मानदंडों को अस्वीकार किया जाना चाहिए।

### अमेरिका पर निशाना : टैरिफ बढ़ोतरी पर नाराजगी

**संयुक्त घोषणापत्र** में अमेरिका का नाम लिए बिना, टैरिफ दरों में अचानक और भारी बढ़ोतरी की आलोचना की गई। **BRICS** देशों ने कहा कि इस तरह के कदमों से वैश्विक व्यापार और सप्लाई चेन पर बुरा असर पड़ेगा। अमेरिका पहले ही चीन और भारत जैसे देशों पर भारी शुल्क लगा चुका है और अब यह बढ़ोतरी और अधिक हो सकती है।

### आगे क्या हो सकता है?

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भारत अमेरिका के खिलाफ कड़ा रुख अपनाता है तो **अमेरिकी टैरिफ** का असर भारत के व्यापार पर भी पड़ सकता है। वहीं भारत इस मुद्दे पर संतुलित कूटनीति अपनाकर दोनों पक्षों के साथ संबंध बनाए रखने की कोशिश कर सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.